दिनांक 16.08.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

निगम आयुक्त श्री चौहान ने आज विभिन्न वार्डों का दौरा कर 72682 कूलरो से भरे गंदे पानी को निकलवाया 3581 कूलर उतारे गये एवं भैंस खटालधारियों एवं अन्य से अब तक कुल 5 लाख 55 हजार रुपये अर्थदण्ड वूसले गये

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त के0एल0 चौहान ने आज जोन 04 शिवाजी नगर कार्यालय के अंतर्गत बापूनगर के गलियों में घुम–घुमकर डेंगू बिमारी की रोकथाम के उपाय बताते हुए मकानों से कुलर उतरवाया गया तथा साफ–सफाई व्यवस्था के साथ–साथ स्वास्थ्य शिविर, उपस्वास्थ्य केन्द्र, आंगनबाड़ी, मितानिन, के द्वारा किये जा रहे कार्यो के निरीक्षण किया गया। साथ ही निगम आयुक्त श्री चौहान ने जवाहर लाल शासकीय उच्चतर मा. शाला के प्राचार्य, शिक्षक–शिक्षिका, श्री मनीष पाण्डेय, सभापति पी0 श्यामसुन्दर राव, पार्षद एवं एल्डरमेन, शाला के बच्चों के साथ न्यू खुर्सीपार मे स्वच्छता रथ के प्रभात फेरी निकालकर डेंगू के बचाव के लिए प्रचार–प्रसार करते हुए रैली का समापन वार्ड 37 शिव मंदिर प्रांगण में सम्पन्न हुआ।

निगम आयुक्त श्री चौहान ने आज छावनी श्रमिक बस्ती, गौतम नगर, बापूनगर, सहित अन्य वार्ड में भ्रमण करते हुए गंदगी पाये जाने पर खड़े होकर विगत् दो दिनों में जोन 04 एवं 02 अंतर्गत दो भैंस खटाल से 1 लाख 25 हजार, टायर की दुकान से 1 लाख रुपये अर्थदण्ड जमा कराते हुए टायरों को जब्ती की कार्यवाही की गई । विगत् दिनों 9 अगस्त को निगम आयुक्त के द्वारा वार्ड 35 शास्त्री नगर में 03 बड़े भैंस खटालों के द्वारा वर्षो से अतिक्रमण कर खटाल चलाये जा रहे थे उक्त खटाल के कारण आसपास में काफी गंदगी फैल चुकी थी जिसके कारण स्थानीय रहवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था ऐसे खटाल के संचालको के उपर अर्थदण्ड की बड़ी कार्यवाही की गई थी। तब से निरंतर भैंस खटालों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। अब तक भैंस खटाल, टायर दुकान, गंदगी फैलाये जाने एवं अन्य कारण, सड़क बाधा शुल्क के रुप में निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों से लगभग कुल राशि 5 लाख 55 हजार रुपये दाण्डिक शुल्क के रुप में मौके पर रसीद काटकर निगम कोष में जमा कराया गया है।

जनसम्पर्क अधिकारी